# 4 त्योहारों का देश

हुलस रहा माटी का कण–कण, उमड़ रही रस धार है।
त्योहारों का देश हमारा, हमको इससे प्यार है।।



मन–भावन सावन आते ही,
हरियाली छा जाती है।
राखी के दिन बहिन खुशी से,
फूली नहीं समाती है।।
घर बाहर झूले ही झूले
गाते राग मल्हार हैं।
त्योहारों का देश हमारा,
हमको इससे प्यार है।।

आजादी के दिवस तिरंगा,
घर–घर पर लहराता है।
वीर शहीदों की गाथाएँ
हमको याद दिलाता है
मन भावों से भर जाता है
माँ की जय जयकार है।
त्योहारों का देश हमारा,
हमको इससे प्यार है।






आता है हर वर्ष दशहरा,
होते खेल तमाशे हैं।
दीवाली पर दीप–दान,
फुलझड़ियाँ खील बताशे हैं।।
धूम–धड़ाके और पटाखों,
की कैसी भरमार है !
त्योहारों का देश हमारा,
हमको इससे प्यार है।।

भाईचारे का संदेशा,
ले ईद–मुबारक आती है।
मीठी खीर, सिवैयाँ,
सबके मन को भाती हैं।





खेल–खिलौने पाते बच्चे,
क्रिसमस के उपहार हैं।
त्योहारों का देश हमारा,
हमको इससे प्यार है।।

लोकतंत्र की झाँकी ले,
छब्बीस जनवरी आती है।
बासंती फूलों की खुशबू
झोली में भर जाती है।।
होली में डफ ढोल, मंजीरे,
रंगों की बौछार है।
त्योहारों का देश हमारा,
हमको इससे प्यार है।।



## अभ्यास–कार्य

### शब्द–अर्थ

| | | |
|---|---|---|
| हुलसना | – | प्रसन्न होना |
| गाथा | – | कहानी |
| खुशबू | – | सुगंध |
| मल्हार | – | वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला एक राग |
| रस–धार | – | रस की धारा |

### उच्चारण के लिए

लोकतंत्र, बासंती, मल्हार, त्योहार, तमाशे, मुबारक, क्रिसमस

### सोचें और बताएँ

1. त्योहारों का देश किसे कहते हैं ?
2. आजादी के दिन तिरंगा किस बात की याद दिलाता है ?
3. गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है ?

### लिखें

1. रिक्त स्थान की पूर्ति करें–

त्योहारों का देश हमारा.......................................................

.......................................................फूली नहीं समाती है।

दीवाली पर दीप–दान ....................................................

.......................................................रंगों की बौछार है।

2. सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखें–

(क) पंद्रह अगस्त है–

(अ) महिला दिवस (ब) शिक्षक दिवस

(स) आजादी का दिवस (द) बाल दिवस ( )

(ख) लोकतंत्र की झाँकी लेकर आती है–

(अ) होली (ब) छब्बीस जनवरी

(स) दीवाली (द) ईद ( )

3. राखी का त्योहार कैसे मनाया जाता है ?

4. क्रिसमस पर क्या उपहार मिलते हैं ?

5. हमारे देश को त्योहारों का देश क्यों कहते हैं ?
6. वीर शहीदों की गाथाएँ सुनकर मन में क्या भाव उठते हैं ?
7. भाईचारे का संदेश कौनसा त्योहार देता है ?

## भाषा की बात

- एक शब्द में लिखें

1. बहिनों का त्योहार है– ........................
2. लोकतंत्र का दिवस है– ........................
3. एक राग जिसे वर्षा ऋतु में गाया जाता है– ........................
4. वह व्यक्ति जो मातृभूमि के लिए बलिदान होता है– ........................

## यह भी करें

- राजस्थान में मनाए जाने वाले 'त्योहारों व पर्वों' की सारणी को उत्तर पुस्तिका में निम्न प्रारूप में सूची बद्ध करें–

| त्योहार/पर्व का नाम | कब मनाया जाता है ? | कैसे मनाया जाता है? |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

- त्योहारों से संबंधित गीतों को उत्तरपुस्तिका में निम्न प्रकार से सूचीबद्ध करें–

| क्र. सं. | त्योहार, पर्व का नाम | गाए जाने वाले गीत की एक पंक्ति |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

- किसी एक त्योहार पर अपने शब्दों में दस वाक्य लिखकर कक्षा में सुनाएँ।

> आकाश में उड़ने वाले पंछी को भी अपने घर की याद आती है।
> –प्रेमचंद